प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

सोमनाथ अमृत पर्व

ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर आध्यात्मिक पर्यटन के वैश्विक केन्द्र के रूप में अपनी यात्रा के 75 वर्ष पूरे कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमनाथ अमृत पर्व के अवसर पर उपस्थित रहेंगे। सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सोमनाथ मंदिर वर्तमान समय में अपने स्वर्ण युग में है। धार्मिक महत्व के अतिरिक्त सोमनाथ मंदिर पर्यावरणीय संरक्षण में भी अग्रणी स्तर पर उभर रहा है। इसका लक्ष्य देश के पहले शून्य उत्सर्जन वाले मंदिर के रूप में स्थापित होना है। पेश है एक रिपोर्ट.......

परिणाम

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड दसवीं की वार्षिक परीक्षा का परिणाम आज सुबह 11 बजे घोषित कर रहा है। बोर्ड के सचिव डॉक्टर विशाल शर्मा ने बताया कि इसे बोर्ड की वेबसाईट पर भी देखा जा सकेगा। इस बार मार्च माह में 93 हजार 5 सौ 64 विद्यार्थियों ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा दी थी। विद्यार्थी रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 10वीं की परीक्षाएं 3 से 29 मार्च तक आयोजित की गई थीं। परीक्षा का आयोजन 384 केंद्रों पर हुआ था।

हवाई सेवा

दिल्ली से शिमला के लिए हवाई सेवाएं आज से दोबारा बहाल हो रही है। ये सेवाएं मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन संचालित की जाएंगी। इसके अलावा शिमला से धर्मशाला के लिए भी कल 11 मई से हवाई सेवाओं की शुरूआत होने जा रही है। इस रूट पर मंगलवार और रविवार को छोड़कर सप्ताह में 5 दिन हवाई सेवाएं होंगी। इन सेवाओं के शुरू होने से राज्य में हवाई सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि इससे राज्य में पर्यटन व व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

वाइब्रेंट विलेज

वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम अब लाहौल–स्पीति के गांवों में विश्वास, आत्मनिर्भरता और समृद्धि की नई कहानी लिखता नजर आ रहा है। केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत चीन सीमा से सटे गांव तेजी से बदल रहे हैं। स्पीति घाटी के ग्यू, लालुंग और माने जैसे गांव अब मॉडल विलेज के रूप में उभर रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि इस योजना का उद्देश्य सिर्फ विकास नहीं, बल्कि सीमावर्ती गांवों में नई उम्मीद देना है ताकि सीमा पर बसे लोग खुद को देश की मुख्यधारा से और अधिक जुड़ा महसूस कर सके। अधिक ब्योरे के साथ हमारे जिला संवाद्दाता..........डिस्पैच 52 ''........

वर्ड फैस्टिवल समापन

किन्नौर जिला की प्राकृतिक विरासत, दुर्लभ पक्षी प्रजातियों के संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 3 दिवसीय किन्नौर बर्ड फेस्टिवल का आज समापन होगा। यह आयोजन 8 मई से हिमाचल पर्यटन विभाग, ओम किन्नौर स्थानीय शाखा, वन विभाग और जिला प्रशासन किन्नौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। फेस्टिवल के अन्तिम दिन आज भी पक्षी अवलोकन, प्रकृति भ्रमण, विशेषज्ञ संवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्की धूप के बीच बादल छाए हैं। प्रदेश में मई के दूसरे सप्ताह में भी ठंड बरकरार है और लोगों को सुबह–शाम गर्म कपड़े पहनने पड़ रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार कल से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा जिससे 15 मई तक प्रदेश के अधिकांश भागों में बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि का अनुमान है। विभाग के अनुसार मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में इसका ज्यादा असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने 11 मई को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला के लिए येलो जबकि 12 और 13 मई को कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला के लिए ओरेंज व अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।